हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 8 मार्च 2026

04 जतारा विधायक ने दिलाया सीएम को वादा...



07 ग्वालियर व श्योपुर प्रदेश के सबसे महंगे गैस सिलेंडर...





## खबर संक्षेप

### भगवान चित्रगुप्त का पूजन किया

**खुरई।** गुरुवार को होली महापर्व के बाद यमद्वितीया पर्व पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा खुरई इकाई के अध्यक्ष चित्रांश एमसी सक्सेना के नेतृत्व में कायस्थ बंधुओं ने अपने आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त का पूजन किया। मुख्य यजमान वरिष्ठ अधिवक्ता चित्रांश राजीव श्रीवास्तव की बिटिया चित्रांशी सुश्री मंजरी श्रीवास्तव द्वारा किया। पूजन में खुरई कायस्थ समाज से मातृ शक्ति एवं चित्रांश बंधु सपरिवार उपस्थित रहे।

### बिजली कार्यालय से सामान चोरी, कैमरे में महिलाएं दिखीं

**खुरई।** बुधवार-गुरुवार को विद्युत कार्यालय परिसर से चोरी की घटना सामने आई है। जहां महिलाओं और बच्चों ने 50 हजार रुपए मूल्य की बिजली सामग्री चुरा ली। गुरुवार को कर्मचारी जब कार्यालय में पहुंचे तो चोरी की जानकारी प्राप्त हुई। सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि बुधवार को सुबह लगभग 9-10 महिलाएं और बच्चे चोरी करने आए और वहां रखे पुराने मीटर, एल्युमीनियम तार और अन्य उपकरण चुराकर ले गए। इस संबंध में सहायक अभियंता राहुल सिंह ने थाना प्रभारी को पत्र लिखकर शिकायत की है। घटना से विद्युत विभाग को आर्थिक नुकसान हुआ है। सहायक अभियंता ने पुलिस से चोरी करने वाली महिलाओं और अन्य चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन की तिथि 10 मार्च तक बढ़ाई

**सागर ।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए शासन द्वारा किसान पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 मार्च कर दी गई है। पूर्व में पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च निर्धारित थी। जिले में किसान पंजीयन के लिए सेवा सहकारी समितियों के 104 पंजीयन केंद्र तथा एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, कियोस्क और साइबर कैफे के 413 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन पंजीयन केंद्रों के माध्यम से अब तक 48 हजार 765 किसानों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है। गेहूं विक्रय के लिए किसान स्वयं के मोबाइल, कंप्यूटर, ग्राम पंचायतों के सुविधा केंद्र और सहकारी समितियों पर निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर और लोकसेवा केंद्रों पर निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे में 50 रुपये शुल्क जमा कराकर भी 10 मार्च तक पंजीयन कराया जा सकता है। सिकमी, बटाईदार तथा वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन सहकारी समितियों के केंद्रों पर किया जाएगा। सभी किसान बंधुओं से अनुरोध किया गया है कि जो किसान समर्थन मूल्य पर गेहूं का विक्रय करना चाहते हैं, वे निर्धारित समय-सीमा 10 मार्च तक अपना पंजीयन अवश्य करा लें।

### अवकाश के दिन में नगर निगम के काउंटर खुले रहेंगे

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष समाप्त होने के पूर्व 31 मार्च तक नगर निगम के संपत्तिकर, जलकर, दुकानों का किराया एवं कचरा प्रबंधन शुल्क सहित अन्य करों की राशि नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अवकाश के दिनों में भी जमा की जा सकेगी। नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए निगम के सभी काउंटर खुले रखे जाएंगे, जिससे करदाताओं को करों की राशि जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने नागरिकों से अपील की है कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पूर्व अपने बकाया करों की राशि नगर निगम के काउंटरों पर जमा कर नगर निगम को सहयोग प्रदान करें।

## खेतों में सिंचाई के बाद वहीं बनी झोपड़ी में किसान आराम करने लेटे थे

# खेत में चोरी की नीयत से आए बदमाशों ने की किसान की हत्या, मृतक का बेटा भी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा से एक बड़ी खबर सामने आई है जहां रात के वक्त एक खेत में किसान की हत्या के बाद दहशत का माहौल है और हत्याकांड ने सबको हिला दिया है। दरअसल सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना अंतर्गत कुमेरिया गांव में किसान श्याम लाल कुर्मी बीती रात अपने खेत में सिंचाई के लिए गए थे। खेतों में सिंचाई के बाद वहीं बनी झोपड़ी में किसान आराम करने लेटे थे। तभी उनके खेत से आसपास के खेत वाले किसानों को अजीब आवाजें सुनाई दी तो उन लोगों ने श्यामलाल के बेटे को फोन लगाया और बताया कि उनके खेत से कुछ अजीब आवाज आ रही है। किसान का बेटा महेश कुर्मी दौड़ता भागता खेत में पहुंचा तो देखा कि कुछ लोग



उसके पिता के साथ मारपीट कर रहे थे, और बेटे को देख कर ये बदमाश किसान को उठा कर ले गए और बेटा पीछे पीछे गया लेकिन कुछ दूरी पर बदमाशों ने किसान की धारदार हथियारों से हत्या कर दी। इस संघर्ष में उनका बेटा भी घायल हुआ है।

महेश के मुताबिक उनके खेत में लगी सिंचाई की मोटर को खोलने की कोशिश बदमाशों ने की है, ये बदमाश कौन थे ये उसे नहीं पता लेकिन पहली नजर में ये लग रहा है कि बदमाश चोरी की नीयत से दो बाइक पर सवार होकर आए थे और चोरी में असफल होने के बाद उन्होंने हत्या की वारदात को अंजाम दिया है।

पुलिस को सूचना मिली तो गढ़ाकोटा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की है। पुलिस के मुताबिक घटना स्थल के तमाम साक्ष्य जमा किए है और शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और रिपोर्ट का इंतजार है। फिलहाल मृतक किसान के बेटे ने जो घटनाक्रम बताया है उसके हिसाब से अज्ञात बदमाशों के बारे में पता लगाया जा रहा है।



### पांचवीं व आठवीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन कार्य का किया निरीक्षण

**खुरई।** शास.पं.के.सी.शर्मा उत्कृष्ट विद्यालय मूल्यांकन केंद्र पर बोर्ड परीक्षा 5वीं एवं 8वीं कक्षाओं का जिला स्तरीय मूल्यांकन कार्य जारी है। जिसमें बीईओ आर एस शर्मा विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी राजेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा विद्यालय में चल रहे मूल्यांकन कार्य का औचक निरीक्षण कर निर्धारित शिक्षकों की उपस्थिति, समयबद्ध कार्य और मोबाइल फोन जैसी प्रतिबंधित चीजों का उपयोग न होना एवं उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षित हिफाजत और पर्याप्त सामग्री जैसे कुर्सियां रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। नोडल अधिकारी डॉ विनोद राय ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं के उत्तरों की जांच सही तरीके से हो रही है या नहीं, अंकों का सही आवंटन और मूल्यांकन कर्ताओं द्वारा मूल्यांकन कार्य में एकरूपता बरती जा रही है। आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मूल्यांकन प्रभारी दिनेश कुमार साहू, उमाकांत शर्मा, स्वल्पना नायक, प्रदीप सिंह तोमर, डॉ विनोद राय उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन ज्वेलरी के नाम पर 63 हजार की ठगी, पार्सल में निकली मिट्टी

**खुरई ।** नगर में ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान एक महिला के साथ ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता सोनिका समैया ने एक कंपनी की वेबसाइट से 550 रुपए का आर्टिफिशियल ज्वेलरी सेट बुक किया था। पार्सल 12 मार्च को मिलना था लेकिन 2 मार्च को ही डिलीवर हो गया। पार्सल खोलने पर ज्वेलरी की जगह मुल्तानी मिट्टी निकली। इसके बाद सोनिका ने कंपनी का टोल फ्री नंबर खोजकर संपर्क किया। शिकायत के दौरान वीडियो कॉल पर बात कराई। कॉल के दौरान स्क्रीन पर दिखे एक लिंक पर क्लिक होने के बाद मोबाइल हैक हो गया। कुछ देर बाद फोन चालू हुआ तो पता चला कि बैंक खाते से 63 हजार रुपए निकल चुके हैं। मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। शहरी थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच साइबर सेल के माध्यम से शुरू की गई है। पुलिस ने लोगों से ऑनलाइन खरीदारी के दौरान अनजान नंबरों पर कॉल करने और वीडियो कॉल में लिंक पर क्लिक करने से बचने की अपील की है।



### लाइनमैन दिवस बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया

**खुरई।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी खुरई संभागीय कार्यालय में लाइनमैन दिवस बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया । इस कार्यक्रम में मालथोन, बंदरी, खिमलासा, खुरई ग्रामीण, एवं खुरई शहर के कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यपालन अभियंता प्रभात साहू, सहायक अभियंता खुरई ग्रामीण राहुल सिंह, सहायक अभियंता कैलाश बेलदार एवं टी ए रामदीन पांडे उपस्थित थे । कार्यक्रम में लाइनमेनों ने अपने अनुभव संस्मरण सांझा किया व कार्य करते समय जो समस्याए आती है उस समस्या से अवगत कराया । कार्यपालन अभियंता प्रभात साहू सहायक अभियंता राहुल सिंह एवं सहायक अभियंता कैलाश दुवारा लाइनमेनों को विद्युत लाइनों पर सुरक्षा उपकरणों के साथ काम करने की हिदायत दी एवं साथ ही उनके लिए सुरक्षा उपकरण सहित ड्रेस भी वितरित किए गए । इस अवसर पर उत्कर्ष्ट कार्य करने वाले लाइनमेनों को सम्मानित किया गया । इसके पश्चात पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक गुप्ता दुवारा दिए गए शुभकामनाएं संदेश को सुनाया गया व सभी लाइनमैनो को शपथ दिलाई गई । उक्त कार्यक्रम का संचालन संतोष जोशी द्वारा किया गया ।

## बाइक सवार बदमाश ने छीना बैग, पीड़िता बोली सोने की चैन व 5 हजार नकद ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई के गांधी वार्ड में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक युवती से लूट की घटना सामने आई है। गली नंबर 9 से गुजर रही दो बहनों में से एक का बैग बाइक सवार बदमाश ने छीन लिया। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फरियादी रोशनी ताम्रकार ने बताया कि वह अपनी बहन चांदनी ताम्रकार के साथ गांधी वार्ड में एक रिश्तेदार के यहां जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से एक बाइक सवार निकला। कुछ देर बाद वही बाइक सवार सामने से आया, जिससे उन्हें लगा कि वह उनकी मदद कर रहा है। हालांकि, कुछ ही पल में बैग की डोरी हाथ में रह गई और बैग गायब हो चुका था।

पीड़ित युवती के अनुसार, छीने गए बैग में करीब चार से पांच हजार रुपए नकद और एक सोने की चेन थी। घटना के बाद उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और बदमाश की तलाश की गई, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। युवती ने बताया कि होली की छुट्टियों के कारण बच्चों के स्कूल की फीस भरनी थी, इसलिए उन्होंने पैसे बैग में रखे थे। उन्होंने इस घटना की लिखित शिकायत शहरी थाना में दर्ज कराई है।

शहरी थाना क्षेत्र में चोरी और लूट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सागर नाका के पास स्थित गांधी वार्ड की 9 नंबर गली में हुई यह वारदात भी इसी कड़ी का हिस्सा है।

### तेज रफ्तार कार ने ऑटो को मारी टक्कर: चालक गंभीर घायल, कार ड्राइवर मौके से फरार

खुरई में खिमलासा रोड पर धांगर गांव के पास तेज रफ्तार कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, ऑटो चालक राजेंद्र बंसल (50), जो सहोद्रा राय वार्ड के निवासी हैं, धांगर गांव से सवारियों को छोड़कर खुरई की ओर आ रहे थे। तभी खुरई से खिमलासा की तरफ जा रही एक कार ने उनके ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। ऑटो संघ के अध्यक्ष सोनू श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और घायल राजेंद्र बंसल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया।उन्हें वहां भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी शहरी पुलिस को दे दी गई है, और फरार कार चालक की तलाश कर रही है।

### निगमायुक्त के निर्देशानुसार डेयरी संचालकों को भूखंड आवंटन की कार्रवाई प्रारंभ

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र के डेयरी संचालकों को भूखण्ड आवंटन की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। पूर्व में डेयरी परियोजना विस्थापन स्थल रतौना/हफसिली में डेयरी संचालन हेतु भूखंण्डों का आवंटन किया गया था जिसकी कुछ डेयरी मालिकों ने भूखंण्ड आवंटन उपरांत रजिस्ट्री भी करा ली थी तथा कुछ डेयरी मालिकों ने मात्र टोकन राशि नगर निगम कार्यालय में जमा कराई थी। टोकन राशि जमा करने वाले डेयरी मालिकों को भूखंण्ड आवंटन होना शेष है। अतः भूखण्ड आवंटन होने उपरांत रजिस्ट्री कराने वाले डेयरी मालिक एवं टोकन राशि जमा करने वाले डेयरी मालिक 03 दिवस में मय दस्तावेज नगर निगम कार्यालय में संपर्क करें ताकि नगर निगम स्तर से आवश्यक कार्यवाही कर भूखण्ड आवंटन किये जाने हेतु सूची तैयार की जा सके।

## खेतों में गूंजे नरवाई नहीं जलाने के जागरूकता गीत किसानों ने लिया संकल्प-अब नरवाई नहीं जलाना है गीतों की गूंज और संकल्प शक्ति के साथ दिलाई शपथ

**सागर।** गांवों में होली पर्व पर होली गीत के साथ नरवाई नहीं जलाने के संकल्प गीत भी गूंज रहे हैं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने किसानों के बीच जाकर नरवाई नही जलाने का संदेश दिया।



सारिका ने खेतों में किसानों के साथ मिलकर स्वरचित जागरूकता गीत गाए, ताकि संगीत के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से पहुँचाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित किसानों को सामूहिक शपथ दिलाई कि वे अपनी फसल के अवशेषों को जलाएंगे नहीं, बल्कि उनका उचित प्रबंधन करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मिट्टी की उर्वरता बचाना, वायु प्रदूषण रोकना है । यह गतिविधियां मुख्य रूप से कृषि प्रधान क्षेत्रों में आयोजित की गईं जहाँ नरवाई जलाने की घटनाएं अधिक देखी जाती हैं।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस अंतर्गत जिले में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी मबावि सागर भारत सिंह रहपूत के मार्गदर्शन में जिले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह अंतर्गत गतिविधियां आयोजित की जा रही है। प्रथम दिवस जिले के समस्त सेक्टर मुख्यालयों पर किशोरी बालिकाओं को चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं मेंहंदी प्रतियोगिता आयोजित की जाना है, जिसमे किशोरी बालिकाओं को शारीरिक स्वच्छता के संबंध में सेनेटरी पैड के उपयोग के बारे में बताया जावेगा। भरत सिंह राजपूत द्वारा बताया गया है कि जिले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की गतिविधियों का आयोजन 6 मार्च से 10 मार्च तक किया जावेगा। प्रतिदिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया जावेगा। बालिकाओं व महिलाओं हेतु जागरूकता सत्र आयोजित किये जाएगे जिसमें 100 दिवसीय बाल विवाह रोकथाम जागरूकता अभियान, साईकिल रैली, शी बॉक्स, सायबर सुरक्षा तथा महिलाओं हेतु कानूनी प्रावधान सम्बंधित जागरूकता सत्र आयोजित किया जाएंगे। सत्रों मे उपस्थित किशोरी बालिकाओं तथा महिलाओं को आवश्यक जानकारी दी जाकर बाल विवाह रोकथाम सम्बंधित शपथ भी दिलवाई जावेगी।




### राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मेनपानी में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया

**सागर।** सहोद्रा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सागर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्र इकाई) के तत्वावधान में एवं संस्था प्राचार्य डॉ. वाय. पी. सिंह के मार्गदर्शन में ग्राम मेनपानी में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला संगठक डॉ. आर. सी. प्रजापति, विशिष्ट अतिथि ग्राम मेनपानी के सरपंच अशोक अहिरवार, शासकीय हाई स्कूल प्राचार्य अंजू श्रीवास्तव, शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधानाचार्य डॉ. मनोज तिवारी और ग्रामीण जनों, सहोद्रा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मयंक कुमार रूसिया, एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्यों और स्वयंसेवकों की उपस्थिति में शासकीय हाई स्कूल मेनपानी में हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संगठक महोदय डॉ. आर. सी. प्रजापति एवं इस शिविर के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मयंक कुमार रूसिया के द्वारा मां सरस्वती जी का पूजन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में राज्य स्तरीय शिविर में सहभागिता करने बाले सीनियर एन. एन. एस. स्वयंसेवक ने उपस्थित सभी अतिथियों का परिचय कराते हुए स्वयंसेवकों के द्वारा उन्हें माला, श्रीफल, पौधा देकर एवं एनएसएस बैज लगाकर सम्मानित किया। सभी ने साथ मिलकर एक स्वर में एनएसएस लक्ष्य गीत गाया, इसके उपरांत कार्यक्रम अधिकारी ने सात दिवसीय इस विशेष शिविर में होने बाली समस्त गतिविधियों, महाविद्यालय की एन.एन.एस. इकाई की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, और इस विशेष शिविर के कार्यक्रम क्रियांवयन की रूप रेखा स्पष्ट की। जिला संगठक डॉ. प्रजापति ने स्वयंसेवकों को एन एन एस के महत्व, शिविर की उपयोगिता और स्वयंसेवकों के दायित्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य महोदया ने नारी सशक्तिकरण, आपदा प्रबंधन से संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डाला।

### महिला दिवस पर खेल कार्यक्रम का आयोजन

**सागर ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सागर द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना तथा उन्हें शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान एथलेटिक्स दौड़ प्रतियोगिता, प्रतिस्पर्धी दौड़, मनोरंजक गतिविधियाँ तथा टग ऑफ वॉर (रस्साकशी) जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## लोक ध्वनि से बाल ध्वनि तक विषय पर विमर्श और काव्य पाठ का आयोजन

# अपने संस्कार और संस्कृति की रक्षा के लिए लोक से जुड़ना जरूरी: पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बाल साहित्य शोध सृजनपीठ, साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, मध्य प्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा महत्वाकांक्षी कार्यक्रम लोक ध्वनि से बाल ध्वनि तक (परंपरा कथा और काव्य का जीवंत संग़म) विषय पर आधारित विमर्श और काव्य पाठ का आयोजन वरदान सभागार सिविल लाइंस सागर में किया गया। बाल साहित्य शोध सृजन पीठ म.प्र. की निदेशक प्रसिद्ध बाल साहित्य लेखिका डॉ. मीनू पांडेय की विशिष्ट उपस्थिति में सम्पन्न हुए इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के स्थानीय संयोजक श्यामलम संस्था अध्यक्ष उमा कान्त मिश्र थे। हिन्दी साहित्य भारती अध्यक्ष अम्बिका यादव, साहित्यकार आर के तिवारी, श्रुतिमुद्रा समिति अध्यक्ष डॉ.कविता शुक्ला एवं हिन्दी साहित्य सृजन संघ सागर की अध्यक्ष सुनीला सराफ कार्यक्रम की सह संयोजक रहीं। इस अवसर पर बाल साहित्य शोध सृजन पीठ की निदेशक डॉ मीनू पांडेय नयन ने स्वागत वक्तव्य देते हुए कहा कि लोकध्वनि जब बाल ध्वनि के रुप में गूंजने लगेगी तो बालकों का नैतिक, सामाजिक और



सांस्कृतिक विकास सुनिश्चित हो जायेगा। अपने संस्कार और संस्कृति की रक्षा के लिए लोक से जुड़ना जरूरी है। सोशल मीडिया का बढ़ता हुआ प्रभाव हमारी भाषा भूषा और भोजन को दूषित कर रहा है। सुप्रसिद्द लेखक घनश्याम मैथिल अमृत भोपाल ने कहा लोक ध्वनि से बाल ध्वनि को समाज कितना ध्यान देता था यह इससे जाहिर होता है कि ऋग्वेद यजुर्वेद एवं अथर्ववेद में बच्चों की शिक्षा और संस्कार संबंधित सूक्त दिये हुये हैं।

महाभारत में कुश्ती खोखो कबड्डी का विस्तार से वर्णन है। ताकि बच्चों का मानसिक ही नहीं शारीरिक विकास भी हो। वरिष्ठ लेखक गोकुल सोनी भोपाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों में होने वाले डिजिटल अपराध रोकने के लिए माता-पिता को स्वयं इस आभासी दुनिया से दूरी बनाये रखनी होगी और बच्चों से संवाद स्थापित करना होगा।

इंक मीडिया के निदेशक समालोचक डॉ. आशीष द्विवेदी ने कहा कि बाल मनोविज्ञान को समझे बगैर बाल साहित्य को गढ़ना संभव नहीं है। हमारे आसपास की लोक ध्वनियां ऐसी निर्झरियां हैं जिनमें भारत के प्राणतत्व बसते हैं। उन्हें सहेजकर बाल मन तक स्थानांतरित करना ही बाल साहित्य का कार्य है। लोक ध्वनि विलुप्त होने से बच्चे पैरा सोशल दुनिया में विचरण करने लगते हैं।

श्रुति मुद्रा अध्यक्ष डॉ.कविता शुक्ला ने कहा कि भारतीय संस्कृति का विशेष महत्व मंत्रोच्चार,ॐ नाद इसके उदाहरण हैं. इन्हीं ध्वनियों से बाल ध्वनियों का निर्माण होता है. डॉ वर्षा तिवारी ने पुरानी परंपराओं से सीख लेने की आवश्यकता पर ध्यान आकृष्ट कराया. बाल कविताओं पर केंद्रित द्वितीय सत्र में डॉ. नलिन निर्मल, प्रभात कटारे, प्रतिभा द्विवेदी मुस्कान, दीपाली गुरु, आर के तिवारी, भानु प्रताप यादव शुभारम्भ, प्रदीप पाण्डेय,पवन रजक, नीतू तिवारी, हर्षिता प्रताप सिंह एवं वरिष्ठ कवि वृंदावन राय सरल ने रचना पाठ कर प्रभावित किया। प्रथम सत्र का संचालन कवयित्री सुनीला सराफ ने तथा द्वितीय सत्र का संचालन कवि अम्बिका प्रसाद यादव ने किया.कवि मुकेश तिवारी ने सरस्वती वंदना की। प्रारम्भ में कार्यक्रम के स्थानीय संयोजक उमाकान्त मिश्र अध्यक्ष श्यामलम ने कार्यक्रम परिचय दिया।

## विधानसभा में हरिशंकर ने जिले के महत्वपूर्ण मुद्दों को रखा सदन पटल पर

# जतारा विधायक ने दिलाया सीएम को वादा याद, उठाए कई मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए



जिले से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे उठाते हुए एक ओर मुख्यमंत्री, मंत्रियों व सरकार को अपने बादे याद दिलाये तो बही दूसरी ओर जिले की धरोधरो को सहेजने की मांग भी की। विधानसभा में बोलते हुए विधायक हरिशंकर खटीक ने जिले के ऐतिहासिक, पर्यटक, धार्मिक व सामाजिक मुद्दों को उठाया। और सरकार से उक्त मुद्दों के तहत विकास किये जाने की मांग की। साथ ही ओरछा की तर्ज पर जिले के प्रशिद्ध कुंडेश्वर धाम को भी विकसित किये जाने की मांग की। इस दौरान विधायक हरिशंकर खटीक ने पूजारियों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए मानदेय बढ़ाये जाने की मांग भी मजबूती से रखी। जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने कुंडेश्वर को पर्यटन केंद्र घोषित करने, मोर पहाड़ी पर तीन दिवसीय उत्सव आयोजित करने और छिपरी गांव का नाम 'मातृ धाम' करने का मुद्दा उठाया।

### ओरछा लोक की तर्ज पर हो कुंडेश्वर का विकास

विधायक खटीक ने मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि कुंडेश्वर धाम जिले में धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यहां हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन पर्यटन सुविधाओं का समुचित विकास नहीं हो पाया है। इसलिये ओरछा की तर्ज पर कुंडेश्वर का ही विकास किया जाये। उन्होंने सरकार से कुंडेश्वर क्षेत्र के समग्र विकास, पर्यटन सुविधाओं के विस्तार और आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए एक विशेष योजना बनाने की मांग की। इसका उद्देश्य इस स्थान को प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल करना है।



### शेषनाग की छत्रछाया में मोर पहाड़ी पर हुआ बुंदेलखंड केसरी का जन्म

सदन में चर्चा के दौरान विधायक खटीक ने जतारा विधानसभा के मोर पहाड़ी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि यह बुंदेलखंड के महान योद्धा महाराज छत्रसाल की जन्मस्थली है, जहां उनका जन्म 4 मई 1649 को हुआ था। जहाँ बताया जाता है कि बुंदेलखंड केसरी के नाम से विख्यात महाराज छत्रसाल के जन्म पर शेषनाग ने अपने छत्रछाया में उनकी सुरक्षा की थी। जिससे उनका नाम छत्रसाल रखा गया। वर्तमान में उनकी राजधानी धुबेला में कार्यक्रम होते हैं, लेकिन जन्मस्थान मोर पहाड़ी पर कोई आयोजन नहीं होता। विधायक ने 4, 5 और 6 मई को मोर पहाड़ी पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की। विधायक खटीक ने बताया कि टीकमगढ़ जिले की जतारा विधानसभा में स्थित बुंदेलखंड के महान योद्धा महाराजा छत्रसाल की जन्मस्थली है। यह चंपतराय के शासन के समय का एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थान है। जिसे एक प्रमुख ऐतिहासिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। मोर पहाड़ी टीकमगढ़ जिले में स्थित एक अत्यंत महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल है। महाराजा छत्रसाल का जन्म इसी पहाड़ी पर मुगलों के खिलाफ उनके माता-पिता चंपतराय और लालकुंवरि के संघर्ष के दौरान हुआ था। यह ऐतिहासिक स्थल उचित रखरखाव के अभाव में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। इसे बुंदेलखंड के गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक माना जाता है।

### सीएम के वादे के बाद भी छिपरी धाम का प्रस्ताव लंबित

विधायक ने संत रावतपुरा सरकार के छिपरी धाम से जुड़े मामले को भी सदन में उठाया। उन्होंने बताया कि छिपरी धाम से संबंधित प्रस्ताव की फाइल लंबे समय से लंबित है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 5 जुलाई 2024 को छिपरी गांव यात्रा का उल्लेख किया, जहां उन्होंने गांव का नाम 'मातृ धाम छिपरी' करने की घोषणा की थी। लेकिन अब तक उक्त घोषणा पर सरकार द्वारा अमल नहीं किया गया।

### पुजारियों का मानदेय बढ़ाने और चंदेली धरोहरों को संरक्षित करने की मांग

विधायक ने विधानसभा में मुद्दा उठाते हुए कहा कि मंदिरो में पूजा करने वाले पुजारियों का मानदेय अभी बहुत कम है जिससे इस महंगाई के दौरान पुजारियों को अपने परिवार के भरण पोषण में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिये संपूर्ण प्रदेश में पुजारियों का मानदेय बढ़ाया जाए। इसके अलाबा जिले के चंदेली तालाबों व धरोहरो को संरक्षित किए जाने की मांग करते हुए विधायक ने कहा कि जिले में कई चंदेली तालाब व धरोहरे जीर्णोशीर्ण अवस्था में है। जिन्हे संरक्षित किया जाए। जिससे आने बाली पीढ़ी को चंदेलकालीन धरोहरो के वारे में जानकारी हो सके। उल्लेखनीय है कि टीकमगढ़ जिला अपनी प्राचीन चंदेलकालीन जल संरचनाओं और बुंदेला स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध है। चंदेल शासनकाल के दौरान यहाँ लगभग 950 तालाबों का निर्माण कराया गया था, जिनमें से वर्तमान में लगभग 421 ही अब अस्तित्व में हैं। चंदेल राजाओं ने जल संरक्षण के लिए विशाल तालाबों का निर्माण कराया था, जिन्हें अक्सर 'सागर' कहा जाता है। जिनमे मदन सागर जतारा, ग्वाल सागर बलदेवगढ़, दीप सागर कारी, महेंद्र सागर टीकमगढ़ सहित बम्होरी बराना, लिधौरा और बीर सागर शामिल हैं।

## भोपाल तक रेल कनेक्टिविटी सुदृढ़ करने पुनः लिखा पत्र

# विकास के आग्रह पर सिंधिया ने दिलाया रेल मंत्री को स्मरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

तीन जिलों टीकमगढ़, छतरपुर व ओरछा निबाड़ी के लोगों को बेहतर रेल सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक बार पुनः रेलमंत्री अश्विन वैष्णव को पत्र लिखा है। टीकमगढ़ छतरपुर की जनता ने प्रातः कालीन भोपाल ट्रेन शुरू कराने के लिए भाजपा नेता विकास यादव के माध्यम से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से आस लगाई है।

जनता की मांग अनुरूप भाजपा नेता विकास यादव के आग्रह पर रेलमंत्री को लिखे पूर्व पत्र में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने विशेष रूप से खजुराहो से भोपाल वाया टीकमगढ़ छतरपुर नई रेल सेवा प्रारंभ किए जाने एबं टीकमगढ़, छतरपुर ओरछा क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी सुदृढ़ किए जाने तथा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक अन्य रेल सेवाओं के विस्तार का अनुरोध किया था, ताकि क्षेत्र के नागरिकों को राज्य की राजधानी एवं अन्य प्रमुख शहरों से सुगम, सुरक्षित एवं समयबद्ध संपर्क उपलब्ध हो सके। परन्तु ज़ब रेल मंत्रालय से उक्त संबंध में कोई संबंधित सूचना प्राप्त नही हुई तो उन्होंने रेलमंत्री को पुनः स्मरण-पत्र भेजा है। उल्लेखनीय है कि उक्त रेल सेवा प्रारंभ होने से न केवल स्थानीय यात्रियों को सुविधा प्राप्त होगी, बल्कि क्षेत्र के पर्यटन, व्यापार एवं सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। वर्तमान में पर्याप्त रेल विकल्प उपलब्ध न होने से यात्रियों को वैकल्पिक मार्गों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय एवं संसाधनों की अतिरिक्त व्यय भी होता है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने अपने स्मरण पत्र में आगे लिखा कि विषय की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त प्रकरण पर अब तक की गई कार्रवाई, प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति तथा संभावित कार्ययोजना से यथाशीघ्र अवगत कराया जाये, ताकि संबंधित जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिकों को आवश्यक जानकारी दी जा सके।

गौरतलब है कि भाजपा नेता विकास यादव ने टीकमगढ़, छतरपुर, ओरछा निबाड़ी जिलों के लोगों को बेहतर रेल सुविधा मुहैया कराने के लिए मांग करते हुए कहा था कि खजुराहो से भोपाल वाया टीकमगढ़ छतरपुर होते हुए प्रातः कालीन एक नई ट्रेन शुरु करवाई जाए ताकि इन जिलों के लोग प्रदेश की राजधानी भोपाल में दिन भर में अपना काम समाप्त करके न्यूनतम खर्च में घर लौट पाएं। टीकमगढ़ छतरपुर में स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव के कारण यहाँ के लोग अधिकांशतः ग्वालियर जाते है, अतः खजुराहो से वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 64609/64510 मेंमु का विस्तार ग्वालियर तक करवाया जाए। टीकमगढ़, छतरपुर, ललितपुर के लोगों की धार्मिक आस्था को दृष्टिगत करते हुए, एक नई ट्रेन बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से बाया भोपाल, विदिशा, बीना, ललितपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, खजुराहो, चित्रकूट, प्रयागराज, बनारस, गयाजी, पारसनाथ, हावड़ा स्टेशन महाकाली तक शुरु करवाए जाने, रानी लक्ष्मी बाई झांसी से वाया ओरछा चित्रकूट प्रयागराज होते हुए अयोध्या तक वंदे भारत ट्रेन शुरू कराने एवं ओरछा स्टेशन पर तुलसी एक्सप्रेस, महाकौशल एक्सप्रेस, चंबल एक्सप्रेस एवं उत्तर प्रदेश संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का स्टॉपेज कराये जाने की मांग केंद्रीय मंत्री सिंधिया से की गई थी। जिसके तहत केंद्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा रेल मंत्री को स्मरण पत्र लिखे जाने के बाद से क्षेत्र में रेल सुविधाएं बढ़ने की आस बंध गई है।


## एसपी के निर्देश पर आपात स्थिति में पहुंची त्वरित पुलिस सहायता

# गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आमजन की सुरक्षा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और संवेदनशील सहायता उपलब्ध करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में किसी भी आपात स्थिति में तत्काल और मानवीय दृष्टिकोण के साथ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत डायल 112 पुलिस द्वारा त्वरित सहायता करते हुए एक घायल व्यक्ति को समय रहते अस्पताल पहुंचाकर इलाज उपलब्ध कराया गया।

6 मार्च को जिले के थाना चंदेरा क्षेत्र के ग्राम महेबा से पुलिस को सूचना मिली कि एक 40 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में है, जिसे तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता है। उक्त सूचना प्राप्त होते ही क्षेत्र में तैनात डायल 112 वाहन तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुआ। घटनास्थल पर पहुँचकर डायल 112 स्टाफ आरक्षक राजेश लोधी एवं पायलट देवीदयाल ने देखा कि बीमारी से पीड़ित एवं मानसिक तनाव से गुजर रहा लगभग 40 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में था। पुलिस दल ने मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए तत्काल आवश्यक सहायता प्रदान की तथा बिना समय गंवाए घायल व्यक्ति को एफ़आरवी वाहन के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतारा पहुँचाया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार किया गया, जिसके पश्चात बेहतर उपचार हेतु उसे जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ रेफर किया गया। टीकमगढ़ पुलिस की त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही से घायल व्यक्ति को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सकी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिला पुलिस आमजन की सुरक्षा, सहायता और सेवा के लिए सदैव तत्पर है तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



## बिजली के नायक हुए लाइनमैन दिवस पर सम्मानित

# समारोह आयोजित कर दिए उत्कृष्ट सेवा के लिए शील्ड, प्रमाणपत्र व उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में दिन-रात मेहनत करने वाले लाइनमैनों के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से 7 मार्च को लाइनमैन दिवस के अवसर पर वितरण केंद्र खरगापुर अंतर्गत जतारा उपसंभाग कार्यालय में समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बिजली विभाग के पदाधिकारी भूपेंद्र लाहौर भेलसी को उनके उत्कृष्ट कार्य और समर्पित सेवा के लिए अधिकारियों द्वारा शील्ड, प्रमाणपत्र और उपयोगी उपकरण भेंट कर सम्मानित किया गया। भूपेंद्र लाहौर ग्राम भेलसी में पदस्थ है। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने कहा कि लाइनमैन बिजली व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। गांव-गांव और शहर-शहर में निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए लाइनमेन कर्मी हर मौसम और हर परिस्थिति में अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। ऐसे कर्मठ कर्मचारियों का सम्मान विभाग के लिए गर्व का विषय है।

### सेवा और समर्पण का प्रतीक हैं लाइनमैनः भूपेंद्र लाहौर

सम्मान ग्रहण करने के बाद अपने उद्बोधन में भूपेंद्र लाहौर ने कहा कि लाइनमैन दिवस देशभर में उन कर्मठ कर्मचारियों के समर्पण और सेवा का सम्मान करने का दिन है, जो बिजली आपूर्ति को निरंतर बनाए रखने के लिए मैदान में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर लाइनमैनों की भूमिका पर गंभीरता से विचार किया जाए तो यह हर नागरिक के लिए सोचने का विषय है। चाहे भीषण गर्मी हो, मूसलाधार बारिश हो या कड़ाके की ठंड, लाइनमैन हर परिस्थिति में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए तत्पर रहते हैं। भूपेंद्र लाहौर ने कहा कि कई बार भारी बारिश और जलभराव के बीच भी लाइनमैन अपनी जान जोखिम में डालकर बिजली लाइनों को दुरुस्त करते हैं। कई घटनाओं में करंट लगने से लाइनमैनों की मृत्यु तक हो जाती है, इसके बावजूद भी वह अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटते। उन्होंने कहा कि आज भी कई ऐसे कर्मचारी हैं जो बिना किसी दबाव के स्वयं अपने क्षेत्र में निकलकर बिजली की समस्याओं का समाधान करते हैं और एक सच्चे लाइनमैन का कर्तव्य निभाते हैं। उक्त कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता राहुल श्रीवास्तव, जतारा टाउन एई लक्ष्मण कुशवाह, जेई बालकिशन तिवारी, खरगापुर जेई पुष्पेंद्र राय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इन अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित समारोह में विभागीय कर्मचारियों ने भी लाइनमैनों के कार्य और समर्पण की सराहना की।





### क्यों मनाया जाता है लाइनमैन दिवस

लाइनमैन दिवस उन कर्मचारियों के सम्मान में मनाया जाता है जो बिजली वितरण प्रणाली की मरम्मत, रखरखाव और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह दिन उनके साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना को समाज के सामने सम्मानपूर्वक प्रस्तुत करने का अवसर देता है।

# सब्जी देने के बहाने नाबालिग को बुलाकर दुष्कर्म का प्रयास

## मासूम ने शोर किया, भाई ने पहुंचकर बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- छत से गिरा आरोपी, मेडिकल कॉलेज में भर्ती।

कोतवाली थाना क्षेत्र में एक 12 साल की नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोप है कि 45 वर्षीय सुरेश ने इस घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपी छत से गिरकर घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी ने नाबालिग को सब्जी देने के बहाने अपने घर बुलाया था। घर के अंदर उसने नाबालिग से दुष्कर्म करने की कोशिश की। उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। नाबालिग की आवाज सुनकर उसका बड़ा भाई मौके पर पहुंच गया। उसने अपनी बहन को आरोपी के चंगुल से बचाया। घटना के समय नाबालिग की मां परिवार में किसी सदस्य के निधन पर गई हुई थी, जबकि पिता घर पर सो रहे थे। मां के घर लौटने पर उन्हें पूरी घटना की जानकारी दी गई। इसके बाद परिजन आरोपी के खिलाफ शिकायत लेकर कोतवाली थाने पहुंचे। इसी बीच, आरोपी सुरेश अपने घर की छत से गिरकर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

आशंका जताई जा रही है कि वह घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहा था। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में देरी की। इससे नाराज होकर पीड़िता के परिजनों और स्थानीय लोगों ने हंगामा किया। बाद में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 18 दिवसीय सृजन अभियान का हुआ समापन

# पुलिस व समाज की सहभागिता से बच्चों के चेहरे पर दिखी खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित 18 दिवसीय सृजन अभियान के समापन अवसर पर पुलिस ने ग्रामीण स्वावलंबन समिति के सहयोग से 07 मार्च को कुचबंदियाना मोहल्ला में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रवि भूषण पाठक एवं महिला सेल से प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा ने उपस्थित महिलाओं और बच्चों को शिक्षा, जागरूकता तथा आत्मनिर्भरता के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा से संबंधित पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न जिला स्तरीय अभियानों की जानकारी दी गई तथा महिलाओं को अपने अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सामाजिक सहभागिता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा द्वारा महिला दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए एक प्रेरणादायक गीत भी प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित लोगों में विशेष उत्साह और प्रेरणा का वातावरण बनाया।






कार्यक्रम के अंत में चयनित 25 बच्चों को प्रमाण पत्र, शिक्षण सामग्री तथा टॉफी वितरित की गई। बच्चों के चेहरों पर दिखाई दे रही खुशी और उत्साह ने कार्यक्रम को और भी सार्थक बना दिया। इस अवसर पर निरीक्षक रवि भूषण पाठक, प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा, महिला आरक्षक कीर्ति बुंदेला, महिला आरक्षक मानसी तिवारी, आरक्षक कृष्णकांत, गजेंद्र, रंजीत सिंह सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। साथ ही ग्रामीण स्वावलंबन समिति से राजकुमार, माधुरी, सुनील, सुरेंद्र, प्रियंका तथा अनुपमा नायक अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अधिकारियो ने कहा कि पुलिस द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक पहल हैं, जिनके माध्यम से पुलिस और समाज के बीच विश्वास और सहयोग की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है।

### ईरान-इजरायल, अमेरिका युद्ध से रसोई गैस में महंगाई की आग

# ग्वालियर व श्योपुर प्रदेश के सबसे महंगे गैस सिलेंडर वाले शहर बने

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर



ईरान पर इजरायल और अमेरिका द्वारा किए गए हमले के बाद रसोई गैस सिलेंडर में महंगाई की आग लग गई है। पूरे देश में हुई इस वृद्धि का सबसे अधिक प्रभाव श्योपुर जिले पर पड़ा है। क्योंकि बड़े शहरों की बात करें तो प्रदेश के चार महानगरों में से ग्वालियर में गैस सिलेंडर सबसे अधिक महंगा 996 रुपए है और उससे कम श्योपुर में 992 रुपए है।

देश में घरेलू बजट पर एक बार फिर असर पड़ेगा। केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए का इजाफा कर दिया है, जबकि 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 115 रुपए तक बढ़ा दिए गए हैं। नई दरें 7 मार्च शनिवार से लागू हो गई हैं। इसका असर मध्यप्रदेश में भी दिख रहा है। एमपी के कई जिलों में इसकी कीमत 1000 रुपए के करीब पहुंच गई हैं। जो देश के प्रमुख महानगरों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई से भी ज्यादा है। शनिवार को लोग श्योपुर गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने पहुंचे तो वितरक ने उन्हें पुरानी दर 932 रुपए के स्थान पर 992 रुपए की रसीद काटकर थमा दी। जिसके चलते वितरक और ग्राहकों के बीच बहस होती भी दिखाई पड़ी। अचानक 60 रुपए बढ़ जाने से लोग अचरज में थे अधिकतर लोग तो ऐसे थे जो नगद बुकिंग कराने पहुंचे थे लेकिन उनके पास सिलेंडर की रेट अधिक हो जाने से पैसे कम पड़ गए थे ऐसे लोग आसपास से उधार लेते मोबाइल से पेमेंट करते हुए एवं घर जाकर पैसे लाते भी देखे गए कुल मिलाकर ईरान इजरायल अमेरिका की लड़ाई ने भारतीय रसोई में महंगाई की आग भड़का दी है।

#### डीजल-पेट्रोल के लिए लगने लगी लाइनें

हालांकि डीजल पेट्रोल के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है और फिलहाल बढ़ोतरी होने की संभावना नहीं है। सरकार ने डीजल पेट्रोल के भंडार पर्याप्त होने की बात कहा है। इसके बावजूद पंपों पर डीजल पेट्रोल खरीदने वालों की भीड़ लगने लगी है। कई लोग जरूरत से अधिक तेल खरीद कर स्टॉक कर रहे हैं लोगों को अंदेशा है कि ईरान इजरायल अमेरिका का युद्ध अधिक दिनों तक चला तो तेल की आवक रुक जाएगी और या तो कीमतों में बढ़ोतरी होगी या फिर तेल मिलना ही बंद हो जाएगा। हालांकि सरकार ने ऐसे सारे कयास निराधार बताए हैं और रूस से सस्ता तेल सप्लाई की बात भी कही है। रस से तेल मिलाने के बाद डीजल पेट्रोल के दाम बढ़ने के बजाय और अधिक घट सकते हैं। ज्ञात हो कि अमेरिका ने 30 दिन तक रूस से तेल लेने की परमिशन भारत सरकार को दे दी है।

#### एमपी के शहरों में कितने में मिलेगा सिलेंडर

| | |
|---|---|
| भोपाल | – 918 रुपए |
| इंदौर | – 941 रुपए |
| ग्वालियर | – 996 रुपए |
| जबलपुर | – 919 रुपए |
| उज्जैन | – 972 रुपए |
| श्योपुर | - 992 रुपए |

#### इनका कहना है

भारत सरकार द्वारा जो कि गई मूल्य वृद्धि के बाद अब घरेलू सिलेंडर जो अभी तक 932 रुपए का मिलता था वह 992 रुपए का मिलेगा। इसके अलावा व्यावसायिक सिलेंडर जो 2024 रुपए का मिलता था वह अब 2138 का मिलेगा।

अमरनाथ गोयल
संचालक इंडेन गैस एजेंसी श्योपुर

### भैरूखेडी के बालिका शिक्षा केंद्र पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना

# अपने अधिकारों की रक्षा के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी:जादौन

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर



महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं का शिक्षित होना जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए महात्मा गांधी सेवा आश्रम द्वारा बालिका शिक्षा केन्द्र चलाये जा रहे हैं जिनमें शिक्षा प्राप्त कर बालिकाएं समाज के हर क्षेत्र में अपनी भूमिका निभा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर हम सभी को यह संकल्प लेने की जरूरत है कि हम अपनी बालिकाओं को आवश्यक रूप से शिक्षित बनाएं।

यह विचार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भैरूखेडी के बालिका शिक्षा केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए महात्मा गांधी सेवा आश्रम के प्रबंधक जयसिंह जादौन ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गांधी सेवा आश्रम के उपाध्यक्ष कैलाश पाराशर ने कहा कि भारत में लैंगिक असमानता के चलते पुत्र को पुत्री से ज्यादा वरीयता दी जाती रही है महिला को घर की चारदीवारी में घरेलू कार्यों के लायक समझा जाता रहा है। पर अब यह स्थिति बदल रही है।आज महिला हर क्षेत्र में पुरुषों की बराबरी कर रही है फिर चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या शासकीय सेवा का खेल कि क्षेत्र हो या विज्ञान का यहां तक कि थल सेना से लेकर वायुसेना में भी महिलाएं अपना जौहर दिखा रही हैं कार्यक्रम में बालिका शिक्षा केन्द्र पर अध्ययन रत बालिकाओं की माताओं ने साक्षर होने का टेस्ट पास कर लिया है उन्हें अतिथि गणों द्वारा प्रमाणपत्र वितरित किए गए तथा महिलाओं का सम्मान किया गया। राधा बैरवा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बडी संख्या में बालिका और महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन बालिका शिक्षा केन्द्र के जिला समन्वयक राधावल्लभ जांगिड़ तथा आभार प्रदर्शन रामनरेश सेन ने किया।

### टीएनसीपी पास कॉलोनी में असुविधाओं का बोलबोला

# नलों से आ रहा गंदा पानी, अवगत कराने के बाद भी जिम्मेदार बेसुध

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर



भले ही शहर की विकासनगर कॉलोनी टीएनसीपी पास कॉलोनी में शामिल है,लेकिन इसके बाद भी इस कॉलोनी में रहने वाले नागरिक कई जरूरी मूलभूत सुविधाओ को लेकर भी परेशान बने हुए है। पिछले कई दिनों से इस कॉलोनी में रहने वाले लोगों के घरो में लगे नलों से गंदा पानी पहुंच रहा है। जिसके बारे में स्थानीय लोग कई बार नगरपालिका को अवगत करा चुके है,लेकिन इसके बाद जिम्मेदार बेसुध बने हुए है।

स्थानीय लोगों ने इस मामले की शिकायत कलेक्टर अर्पित वर्मा को आवेदन सौंपकर की है। कलेक्टर को दिए आवेदन में स्थानीय लोगों ने बताया कि पाइप लाइन के लीकेज होने से घरों पर नलों से जरिए गंदापानी पहुंच रहा है। वहीं लीकेज के कारण कई जगह सडक पर पानी की अनावश्यक बर्बादी और कीचड़ की समस्या पनप रही है। इसके साथ ही सीवर लाइन भी बार बार चौक हो जाती है। जिसकारण गंदगी फैल रही है। जो बीमारी फैलने का कारण भी बन सकती है। इसलिए इन समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान करवाया जाए।

# फागोत्सव में झूमी महिलाएं, राधा-कृष्ण की झांकी सजाकर भजनों पर किया नृत्य


हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर



शहर के किला रोड स्थित गौतम धर्मशाला में शनिवार को गौतम ब्राह्मण समाज महिला मंडल एवं युवती मंडल के संयुक्त तत्वावधान में फाग उत्सव का आयोजन किया गया।जिसमें समाज की महिलाओं और युवतियां ने बढ चढकर भाग लिया। उत्सव के दौरान महिलाओं ने राधा-कृष्ण की झांकियां सजाईं। उन्होंने मत मारो श्याम पिचकारी, आज बृज में होली रे रसिया, आज श्याम संग होली खेलूंगी और 'राधा तेरी चुनरी' जैसे भजनों पर नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियां दी और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरित किया गया और कार्यक्रम में पार्षद कलावती गौतम विशेष रूप से उपस्थित थी, इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष स्मिता गौतम, उपाध्यक्ष बुलबुल शर्मा, सचिव हेमलता गौतम, प्रबंधक सरोज गौतम, प्रभा गौतम, विनीता शर्मा, कृष्णा गौतम, प्रिया गौतम, लीला गौतम, अंशु गौतम, शोभा गौतम, किशोरी गौतम, सीमा गौतम, तरुणा शर्मा ,दक्षिता गौतम, दीक्षा गौतम, मनीषा गौतम सहित बडी संख्या में समाज की महिला और युवतिया मौजूद थी।

# सहायक प्राध्यापक खेमराज आर्य को पीएचडी अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर



शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर में पदस्थ इतिहास विषय के सहायक प्राध्यापक खेमराज आर्य को श्योपुर जिले के ऐतिहासिक स्थलों पर रिसर्च करने पर जीवाजी यूनिवर्सिटी ग्वालियर द्वारा इतिहास विषय पर पीएचडी अवार्डेड की गई है। जीवाजी यूनिवर्सिटी द्वारा 'श्योपुर जिले के ऐतिहासिक स्थलों की तथ्यात्मक विवेचना' पर डाक्ट्रेट की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने यह शोधकार्य मार्गदर्शी प्राध्यापक डॉ मीना श्रीवास्तव की निगरानी में पूर्ण किया है। उल्लेखनीय है कि शोधप्रबंध के प्रथम अध्याय में श्योपुर जिले का सामान्य परिचय, जिले की ऐतिहासिक एवं भौगोलिक पृष्ठभूमि। दूसरे अध्याय में श्योपुर जिले की श्योपुर, कराहल, विजयपुर, बड़ौदा, वीरपुर तहसील के पुरातात्विक स्थलों का इतिहास, तृतीय अध्याय में जिले की संस्कृति के अंतर्गत शिक्षा, धर्म, चित्र कला एवं समाज और चतुर्थ अध्याय में श्योपुर जिले की स्थापत्य कला एवं निष्कर्ष रुप में संपूर्ण शोध प्रबंधन का विश्लेषण शामिल हैं। आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा शिक्षा समिति और सुभाष मानवता विकास समिति के पदाधिकारियों एवं निःशुल्क कोचिंग क्लासेस के समस्त सदस्यों तथा शुभचिंतकों द्वारा बधाई दी गई है।

## देसी मुर्गी पालन के लाभकारी व्यवसाय से जुड़ें शहरवासी: भूपेंद्र




श्योपुर। देसी मुर्गी पालन लाभकारी धंधा है इसका आप अपने घर के आंगन में अपने साथ पालन कर सकते हैं देसी मुर्गी को अतिरिक्त पौष्टिक और महंगे आहार देने की जरूरत भी नहीं है वह घर के बाहर घूम कर कीड़े मकोड़े इत्यादि परजीवी खाकर भी पेट पर लेती है। इसका अंडा फार्मी मुर्गी से दोगुनी रेट पर बिक्रय होता है। मांस भी दो गुना से तीन गुना अधिक महंगा बिकता है। खर्च में कम और लाभ में अधिक मुनाफे वाले इस देसी मुर्गी पालन से शहर वासी जुड़कर अपनी आजीविका बढ़ाएं। यह बात वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद भूपेंद्र गर्ग उर्फ धर्मु ने पशुपालन विभाग श्योपुर द्वारा जिला पशु चिकित्सालय में 43 हितग्राहियों को निशुल्क चूजा वितरण करते हुए कही। पशुपालन विभाग श्योपुर द्वारा नगर के हितग्राहियों को निशुल्क चूजों का वितरण शनिवार को किया गया। इस अवसर पर पार्षद भूपेंद्र गर्ग ने विभिन्न वार्डों से आए 43 हितग्रहियों को बैक यार्ड पोल्ट्री योजना के तहत 22 देशी मुर्गी के चूजों का वितरण किया। इस अवसर पर उपसंचालक पशुपालन डॉ सुभाष बाबू दोहरे ने बताया कि यह योजना शहरी क्षेत्र के गरीब परिवार की आजीविका में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिसमें बहुत ही कम निवेश के द्वारा आजीविका का साधन एवं पोषण संबंधी जरूरत को आसानी से पूरा किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने हितग्रहियों को वितरित किए गए चूजों के बारे में, उनके रखरखाव एवं पालन पोषण संबंधी कई निर्देश भी दिए। इस दौरान डॉ सचिन उपाध्याय, डॉ महेश सिंह आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## बोर्ड परीक्षाओं का समापन,अंतिम दिन सम्मिलित हुए 4692 परीक्षार्थी

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की बोर्ड परीक्षाओं का शांतिपूर्ण तरीके से समापन हो गया है।
जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के अंतिम दिन शनिवार को हायर सैकेण्डरी कक्षा 12 के लिए आयोजित हिन्दी विषय की परीक्षा में 4 हजार 692 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। यह परीक्षा 30 सेंटरों पर आयोजित की गई थी, हिन्दी विषय की परीक्षा के लिए दर्ज 4 हजार 757 परीक्षार्थियों में से 4 हजार 692 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा में भाग लिया गया। 63 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

### कॉलेज में विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम आयोजित

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर धब्बा:भूषण

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर



विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर में शनिवार को विकसित युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम गगन सिंह मीणा एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने संबोधित करते हुए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के ऊपर धब्बे के रूप में बताया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और इसके प्रभाव से रूप में होने वाले संविधान संशोधनों पर प्रकाश डाला। विषय विशेषज्ञ के रूप में पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय ने युवा संसद की थीम, आपातकाल के 50 वर्ष एवं विकसित भारत 2047 पर वक्तव्य देते हुए मुख्य रूप से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संसद में प्रश्न काल, शून्य काल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सहित संसदीय कार्यवाहियों को सरलता के साथ बताया जिससे वो अगले चरण के युवा संसद में अपना बेहतर प्रदर्शन कर पाएं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्योपुर एसडीएम गगन मीणा ने विद्यर्थियों को कैरियर के लिए मार्गदर्शन देते हुए महाविद्यालयिन जीवन मे एकाग्रता एवं समर्पण के साथ अध्ययन के महत्व को बताया साथ ही 2047 तक भारत को विकसित करने के लक्ष्य हेतु मुख्य घटक सशक्त एवं निष्पक्ष लोकतंत्र के महत्व को प्रतिपादित किया, उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के सपने को युवा ही पूरा कर सकते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की रूप रेखा रखते हुए बताया कि विकसित भारत का उद्देश्य ऊची इमारते बनानां नही बल्कि युवाओं की ऊंची सोच बनाना है। उन्होंने जानकारी दी कि भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा देश के युवाओं को भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला संसद की कार्यवाहियों से अवगत एवं विकसित भारत 2047 हेतु युवाओं के दृष्टिकोण को विकसित करने हेतु युवा संसद 2026 का आयोजन देश भर के चयनित नोडल जिलों में किया जा रहा है। विकसित भारत युवा संसद की थीम आपातकाल के पचास वर्ष लोकतंत्र के लिए सबक पर करीब 50 विद्यार्थियों ने पंजीयन करवाया और एक दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिसमें से लक्ष्मी जाटव, ईश्वर वैष्णव, उदय खान, आयुषी भदौरिया, अमिषा राजपूत, वर्षा शर्मा, रामनरेश बंजारा, अंकित जाटव, वर्षा प्रजापति एवं सृष्टि मंगल कुल 10 विद्यार्थियों का राज्य स्तर के लिए चयन किया गया।

निर्णायक मंडल की तरफ से जनअभियान परिषद श्योपुर की जिला संयोजक नेहा सिंह ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर फीडबैक के साथ साथ इन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के सुझाव दिए । इस कार्यक्रम का संयोजन एवं समन्वय का कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संघटक डॉ वकील सिंह कौशल ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ लोकेन्द्र सिंह जाट ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ रमेश भारद्वाज द्वारा किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण उपरांत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के पूर्ण गायन के साथ हुई। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्याक डॉ. बिपिन विहारी शर्मा, डॉ. सुभाषचंद, डॉ अरविंद दोहरे सहित समस्त शेक्षणिक एवं गैर शेक्षणिक स्टाफ एवं एक सैंकड़ा विद्यर्थियों उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन पंजीयन कराने की तिथि बढी,अब 10 तक होगा पंजीयन

# समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए जिले के 12 हजार 314 किसानों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर

समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचने के लिए इन दिनों ऑनलाइन पंजीयन कराने के लिए किसानों को सर्वर संबंधी दिक्कतों के कारण परेशानी उठानी पड रही है। हालांकि पंजीयन कराने की अंतिम तारीख बढा दी गई है। पहले 7 मार्च पंजीयन की अंतिम तारीख निर्धारित थी,लेकिन अब शासन ने अंतिम तिथि 10 मार्च तक बढा दी गई है। लिहाजा अब जिले के किसान समर्थन मूल्य पर अपना गेंहू विक्रय करने के लिए 10 मार्च तक पंजीयन करा सकते है। सर्वर संबंधी दिक्कतो के कारण परेशान हो रहे किसानों ने इस दिक्कत को दूर किए जाने की मांग की है।

जिले में समर्थन मूल्य पर गेंहू विक्रय करने के लिए शासन के निर्देशों के बाद प्रशासन स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। फिलहाल गेंहू विक्रय करने के लिए ऑनलाइन पंजीयन किया जा रहा है। क्योंकि जिन किसानों का पंजीयन होगा,वहीं किसान समर्थन मूल्य पर अपने गेंहू को विक्रय कर पाएंगे। बताया गया है कि 7 मार्च तक जिले में 12 हजार 314 किसानों के द्वारा पंजीयन करा लिया गया है। चूंकि अब पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 10 मार्च कर दी गई है,इसलिए अब किसानों के पंजीयन की संख्या में बढने की उम्मीद है। बता दें कि पिछले साल समर्थन मूल्य पर अपना गेंहू विक्रय करने के लिए जिले के करीब 19 हजार किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया था।



#### 23 से शुरू होगी खरीदी,40 रूपए मिलेगा बोनस

समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी शुरू करने के लिए शासन की ओर से कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। बताया गया है कि श्योपुर जिले सहित चंबल संभाग, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में गेंहू की खरीदी 23 मार्च से शुरू की जाएगी। जो 12 मई तक चलेगी। जबकि इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में गेहूं खरीदी 16 मार्च से शुरू होकर 5 मई तक चलेगी। इस बार गेंहू खरीदी पर सरकार की ओर से 40 रुपये अतिरिक्त बोनस दिए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके चलते अब प्रदेश में गेहूं की खरीदी 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी।

#### सर्वर नहीं चल रहा, किसान परेशान हो रहे

भलेही शासन की ओर से समर्थन मूल्य पर गेंहू का विक्रय करने के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराने की अंतिम तिथि बढा दी गई हो,लेकिन पंजीयन कराने के दौरान किसानों को आ रही परेशानियों में फिलहाल किसी तरह की कोई कमी नहीं आई है। जिसके चलते किसान सर्वर नहीं चलने के कारण पंजीयन को लेकर परेशान बने हुए है। किसानों का कहना है कि जब भी हम संस्था के निर्धारित पंजीयन केन्द्र पर पंजीयन कराने के लिए जाते है तो वहां अक्सर यही जबाव मिलता है कि अभी सर्वर नहीं चल रहा है। जिसकारण किसानों को केन्द्र पर सर्वर आने के इंतजार में घंटो तक इंतजार करना पड रहा है।कई बार स्थिति यह बन जाती है कि घंटो इंतजार करने के बाद भी सर्वर चालू नहीं हो पाता है,जिसके चलते पंजीयन नहीं हो पाते है।

#### इनका कहना है ...

गेंहू खरीदी के लिए आनलाइन पंजीयन की तारीख अब 7 मार्च से बढाकर 10 मार्च कर दी गई है। पंजीयन के दौरान सर्वर संबंधी दिक्कते भोपाल स्तर से आ रही है,जिसके संबंध में हमने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

विजय शाक्य
प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी,श्योपुर

## पुलिस कंट्रोल रूम श्योपुर का शैक्षणिक भ्रमण



श्योपुर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत अंतर्गत संचालित एमएसडब्ल्यू व बीएसडब्ल्यू कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए पुलिस कन्ट्रोलरूम श्योपुर का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। जिला समन्वयक नेहा सिंह ने बताया कि प्रतिमाह रविवार को आयोजित होने वाली कक्षाओं के अतिरिक्त माह फरवरी से मई तक तीन अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन चिन्हित शनिवार को किया जाएगा। इसी तारतम्य में छात्र-छात्राओं को शासकीय विभागों की कार्य विधि समझने एवं अधिकारियों से समक्ष में साक्षात्कार हेतु तथा शासकीय योजनाओं की जानकारी हेतु शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता है। मार्च माह के प्रथम शनिवार में आयोजित अतिरिक्त कक्षा में छात्र-छात्राओं का पुलिस कंट्रोल रूम, जिला श्योपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता एवं महिला थाना प्रभारी रीना राजपूत द्वारा विद्यार्थियों को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली, दीवानी एवं फौजदारी मामलों, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा विभिन्न अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों तथा उनसे संबंधित कानूनी कार्रवाई के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। साथ ही ऑनलाइन एफआईआर, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को पुलिस कंट्रोल का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को कंट्रोल रूम की तकनीकी व्यवस्था, निगरानी प्रणाली एवं आपातकालीन स्थिति में पुलिस द्वारा की जाने वाली त्वरित कार्रवाई के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान समाजसेवी गिर्राज शर्मा, विप्लव शर्मा, विवेक परिहार, लक्ष्मण सिन्धे, सुर्मिन्दर कौर, सत्यभामा मीणा आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर**। जिले में सडक दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले में देहात थाने के अंतर्गत अजान खान निवासी कलारी मोहल्ला अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात ऑटो चालक ने फरियादी की बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम देवरछी निवासी जहन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कार क्रमांक एमएच 12 एमएल4683 के अज्ञात चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### बाइक फिसलने से युवक घायल

**अशोकनगर**। मुंगावली थाने के मल्हारगढ़ चैकी के अंतर्गत ग्राम निसई निवासी हरीचरण पुत्र उद्धा आदिवासी को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां घायल और उसके परिवार जनों ने बताया कि युवक अपने परिचित के यहां होली के त्यौहार पर रिश्तेदारी कुम्हरिया गांव में आया था। वहां से वापिस आते समय मल्हारगढ़ के समीप स्पीड ब्रेकर पर बाईक फिसलने से वह घायल हो गया, जिसका उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

### पति-पत्नी के बीच झगड़ा बचाते समय बेटी घायल

**अशोकनगर**। सिटी कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय मगरदा चैराहे निवासी पूजा बाई पति लक्ष्मण पाल उम्र 25 वर्ष को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां घायल महिला ने बताया कि हमारे माता पिता में झगड़ा हो गया है, बचाते समय मुझे चोटे आ गई मेरे सिर में चोट लगने से उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाया गया है जहां उपचार जारी है।

### 65 वर्षीय महिला बाइक से गिरी, मौत

**अशोकनगर**। कोटा विकास नगर निवासी शकुंतला जैन अपने पति अशोक जैन के साथ अशोकनगर जिले के ग्राम बरवाह में रिश्तेदारों के यहां आई थी। अशोकनगर में आने के बाद में उन्होंने अपने रिश्तेदार से बाईक ली थी और वह बाईक से वापिस अशोकनगर लौटते समय स्पीड ब्रेकर पर महिला संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गई। महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर**। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी मुन्नी पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति राजू पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत कबीरा रोड अशोकनगर निवासी गोरेलाल बघेले ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुरेन्द्र बघेले ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले क ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरौदा निवासी भरत सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू, सरवन,सुल्तान और घंसू जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सरवन जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भरत, रामबाबू और चीनू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खासखेडा निवासी रामू बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोविंदा और प्रिया बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### चना, मसूर, सरसों का पंजीयन अधिक संख्या में कराएं किसान

**अशोकनगर**। जिले में रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई उपार्जन पोर्टल पर चना, मसूर के उपार्जन हेतु पंजीयन एवं भावांतर योजनान्तर्गत सरसों के पंजीयन हेतु 42 पंजीयन केन्द्रों पर कृषक पंजीयन किये जा रहे हैं। आज दिनांक तक मसूर के 5248, चना के 1902, सरसों के 1842 कृषक पंजीयन करा चुके हैं। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास अमित भदौरिया द्वारा कृषक पंजीयन हेतु कृषक भाईयों से अपील की है ज्याद से ज्यादा किसान पंजीयन कराएं।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत जागरुकता व्याख्यान आयोजित

# महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने से ही समाज व देश का विकास संभव : राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

जब महिलाएं मजबूत और आत्मनिर्भर बनती हैं तो परिवार के साथ-साथ समाज और देश भी तेजी से प्रगति करता है। यह बात महिला बाल विकास शहर द्वारा गांधी वार्ड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत जागरूकता व्याख्यान में गांधी वार्ड पार्षद, सभापति शिक्षा महिला बाल विकास भारती राय ने कही। उन्होंने आगे कहा कि महिलाएं समाज की आधी आबादी हैं और उनका सशक्त होना राष्ट्र के विकास के लिए बेहद आवश्यक है। आज के समय में महिलाओं को केवल घर की जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें शिक्षा प्राप्त कर अपने अधिकारों को समझना चाहिए और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। पार्षद राय ने कहा कि शिक्षा और कौशल ही वह सबसे बड़ी ताकत है जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाती है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने अंदर आत्मविश्वास पैदा करें और शिक्षा, नौकरी, व्यापार या सामाजिक कार्य जैसे हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास करें। उन्होंने सभी से अपने घर, समाज और वार्ड की हर महिला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिलकर प्रयास करने का संकल्प लेने की अपील की। साथ ही मुख्य अतिथि राय ने महिलाओं की आत्म सुरक्षा, आत्म निर्भरता, आत्म निर्णय लेने की क्षमता एवं महिला अधिकार पर महिलाओं से संवाद किया।



कार्यक्रम का संचालन करते हुए परियोजना अधिकारी प्रभा चतुर्वेदी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के तहत 3 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 6 मार्च आत्म सुरक्षा, 7 मार्च खेल प्रतियोगिता एवं व्याख्यान जागरूकता तथा 8 मार्च को साइकिल रैली के तारतम्य में शनिवार को महिला बाल विकास शहर के द्वारा गांधी वार्ड में जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 26 की मुख्य थीम गिव टू गेन लैंगिक समानता, सहयोग एवं समर्थन की शक्ति पर बल देने पर आधारित है। ज्ञान संसाधन बुनियादी ढांचा, दृश्यता, वकालत, शिक्षा, प्रशिक्षण मार्गदर्शन या समय का दान देना भी एक माध्यम हो सकता है, जो महिलाओं की उन्नति में सहायक होगा। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीतू राय ने महिलाओं द्वारा किए गए संघर्ष और समाज में अपनी जगह बनाने तथा नारी शक्ति किसी से कम नहीं है, इस पर अपनी बात रखी। मंजू बुंदेला द्वारा महिलाओं के विभिन्न क्षेत्रों में लक्ष्मीबाई, इंदिरा गांधी, प्रतिभा पाटिल एवं सावित्रीबाई फुले के ऐतिहासिक योगदान पर चर्चा की गई एवं प्रत्येक महिला के स्वास्थ्य शिक्षा एवं आत्मसुरक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी राय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर आशा राय, संगीता राय, मंजू साहू, निराशा, रीटा रानी, ज्योति अहिरवार सविता शर्मा सहित बड़ी संख्या मातृशक्ति उपस्थिति रही।




### कैंसर लाइलाज बीमारी नहीं है- डॉ. श्वेता

## बीना रिफायनरी हॉस्पिटल में निःशुल्क कैंसर डिटेक्शन एवं जागरूकता शिविर

**बीना**। विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में विवेकानंद केंद्र बीना रिफायनरी हॉस्पिटल (वीकेबीआर हॉस्पिटल) में शनिवार को निःशुल्क कैंसर डिटेक्शन एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. श्वेता चवरक्काड़ एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ एके दीक्षित द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कैंप में सागर से आई ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. श्वेता चवरक्काड़ ने उपस्थित मरीजों को कैंसर से संबंधित लक्षणों, जांच और उपचार के विषय में परामर्श दिया। कैंसर लाइलाज बीमारी नहीं है, समय पर लक्षणों की पहचान कर चिकित्सक से परामर्श लेने पर इसका सफल उपचार संभव है। उन्होंने बताया कि शरीर में गांठ या सूजन, त्वचा में बदलाव, लगातार दर्द, असामान्य रक्तस्राव, घाव का लंबे समय तक न भरना, लगातार खांसी, गले में दर्द, वजन का कम होना या अत्यधिक थकान जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत विशेषज्ञ डॉक्टर से जांच करानी चाहिए। इस अवसर पर वीकेबीआर अस्पताल में स्थापित नई मैमोग्राफी मशीन के बारे में भी जानकारी दी गई। यह आधुनिक जांच तकनीक स्तन कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में पहचान करने में अत्यंत सहायक है। विशेषज्ञों ने बताया कि 40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को नियमित रूप से मैमोग्राफी जांच करानी चाहिए, जिससे समय रहते उपचार संभव हो सके। कैंप के दौरान मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक जांचें भी निःशुल्क की गईं। कैंप के पश्चात विशेषज्ञ कैंसर चिकित्सक द्वारा अस्पताल के डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के लिए सीएमई सत्र भी आयोजित किया गया। इस दौरान पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कैंसर के लक्षण, समय पर स्क्रीनिंग एवं प्रारंभिक पहचान के विषय में विस्तृत जानकारी और प्रशिक्षण दिया। जिससे कैंसर से प्रभावित मरीजों के उपचार व मार्गदर्शन हो। डॉ. अशोक कुमार दीक्षित, चिकित्सा अधीक्षक ने सागर से आई विशेषज्ञ टीम का स्मृति चिन्ह एवं साहित्य भेंट कर सम्मान किया।

## प्रयागराज-हड़पसर के बीच चलेगी साप्ताहिक विशेष ट्रेन

बीना। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयागराजझ्रहडपसरझ्रप्रयागराज साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह विशेष ट्रेन निर्धारित तिथियों में कुल 16-16 फेरों के लिए संचालित की जाएगी। इन ट्रेनों का स्टॉपेज बीना स्टेशन होगा। भोपाल मंडल जन सम्पर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 04107 प्रयागराज-हडपसर विशेष ट्रेन प्रत्येक बुधवार को 1 अप्रैल से 15 जुलाई तक कुल 16 फेरों के लिए प्रयागराज से प्रस्थान करेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 04108 हडपसर-प्रयागराज विशेष प्रत्येक गुरुवार को 2 अप्रैल से 16 जुलाई तक कुल 16 फेरों के लिए हडपसर से प्रस्थान करेगी। इन स्टेशनों पर रहेगा स्टॉपेज- यह ट्रेन मार्ग में शंकरगढ़, डभौरा, मानिकपुर, चित्रकूट धाम, बांदा, महोबा, खजुराहो, छतरपुर, टीकमगढ़, ललितपुर, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, खंडवा, भुसावल, मनमाड, कोपरगांव, बेलापुर, अहिल्यानगर तथा दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशनों पर ठहरेगी।

## दिनदहाड़े गिर्राज मंदिर में चोरी, गुल्लक तोड़ने का प्रयास, सुरक्षा

**दिनारा**। क्षेत्र के प्रसिद्ध गिर्राज जी मंदिर में एक बार फिर चोरी की कोशिश का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े मंदिर परिसर में रखी दान पेटी (गुल्लक) को तोड़ने का प्रयास किया, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में आक्रोश देखा जा रहा है तथा मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार दिनारा का गिर्राज जी मंदिर क्षेत्र का एक प्रमुख आस्था केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा दान स्वरूप गुल्लक में राशि डाली जाती है। लेकिन हाल के दिनों में मंदिर में चोरी और गुल्लक तोड़ने की कोशिश की घटनाएं सामने आने से लोगों में चिंता बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने मंदिर परिसर में रखी गुल्लक को तोड़कर उसमें रखी राशि निकालने की कोशिश की। हालांकि



घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिससे आरोपी वहां से भाग निकले। घटना के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर में पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं, फिर भी पुलिस प्रशासन इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहा है। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं का कहना है कि गिर्राज जी मंदिर आस्था का बड़ा केंद्र है, इसलिए यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्ड और नियमित पुलिस गश्त की व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की तत्काल जांच कर आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए। मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था और मंदिर की गरिमा सुरक्षित रह सके। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं की गई तो लोग आंदोलन को मजबूर हो सकते हैं। पुलिस प्रशासन कितनी गंभीरता से लेता है और मंदिर में हुई इस घटना के आरोपियों पर कब तक कार्रवाई करता है।

## कलेक्टर ने करीला धाम पहुंचकर तैयारियां व व्यवस्थाओं का लिया जायजा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर जिले में स्थित म.प्र.तीर्थ स्थल मां जानकी मंदिर करीला धाम पर रंगपंचमी के अवसर पर 07 मार्च से 09 मार्च 2026 तीन दिवसीय मेला शनिवार से प्रारंभ होगा। करीला मेला में श्रद्धालुओं के लिए आस्था के केन्द्र पर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक रूप से सभी आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं की गई है।

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा करीला धाम पहुंचकर शुक्रवार को मेला परिसर का भ्रमण कर तैयारियां एवं व्यवस्थाएं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने करीला मेला के लिए बनाये गये 07 सेक्टरों का भ्रमण किया। उन्होंने मंदिर परिसर में पर्याप्त साफ सफाई रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला में पर्याप्त विद्युत व्यवस्था, शुद्ध पेयजल,खोया पाया केन्द्र, कंट्रोल रूम, अस्थाई चिकित्सालय, सीसीटीव्ही कैमरे से निगरानी, पार्किंग व्यवस्था, अधिकारी, कर्मचारियों की डयूटी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**बस, टैक्सी एवं ऑटो संचालकों को मोटरयान नियमों का पालन करने के दिये निर्देश** प्रतिबर्ष की भांति इस वर्ष भी अशोकनगर जिले की तहसील बहादुरपुर की ग्राम पंचायत जसैया के ग्राम कानीखेड़ी में म.प्र. तीर्थ स्थल मां जानकी रंगपंचमी करीला मेला 07 मार्च से 09 मार्च 2026 तक की तैयारियां एवं वाहन व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से संचालन हो सके। सभी बस संचालकों/टैक्सी संचालकों/ऑटो संचालकों को निर्देशित किया गया है कि करीला मेला में आने वाली बसों के मूल दस्तावेज वाहन के साथ होने पर ही वाहन का संचालन किया जावें एवं वाहनों का संचालन नियमानुसार तथा यातायात नियमों का पूर्ण पालन करने हेतु सभी बस संचालक अपने-अपने बसों के चालक/परिचालक को सख्त निर्देश दे कि किसी भी स्थिति में मोटरयान नियमों का उल्लघंन न हों एवं वाहनों में ओवरलोड यात्री संचालन ना किया जावें। साथ ही निर्धारित किराये पर ही यात्रियों से किराया लिया जायें। इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे निर्देशों का उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## अशोकनगर को सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे से जोड़ने के लिए विधायक ने लिखे पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ग्वालियर से नागपुर को बनाए जा रहे सिक्स लेन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे जिसकी घोषणा केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा की गई है,जिसकी कुल लागत 40000 करोड रुपए आएगी। इस महत्वाकांक्षी एक्सप्रेस वे के सर्वे एवं डीपीआर बनाने की कार्रवाई चल रही है, इसी बीच अशोकनगर के विधायक इंजीनियर हरीबाबू राय द्वारा विधानसभा में लगाए गए प्रश्न के जवाब में लोक निर्माण विभाग मंत्री मध्यप्रदेश शासन राकेश सिंह द्वारा लिखित उत्तर में यह बताया गया है कि, इस सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे का सर्वे कार्य चल रहा है जिसकी डीपीआर दिसंबर 2026 तक पूरी कर ली जाएगी।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, क्षेत्रीय सांसद एवं दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को विधायक अशोकनगर हरीबाबू राय द्वारा पुनः मांग पत्र प्रेषित किए हैं, और सभी से यह अनुरोध किया है कि, वह अशोकनगर को सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे से कनेक्ट किए जाने के संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को समुचित दिशा निर्देश जारी करने का अनुरोध एवं अपील की है, ताकि अशोकनगर जो हाईवे से आज दिनांक तक कनेक्ट नहीं है, वह



इस महत्वपूर्ण ग्वालियर नागपुर सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे से कनेक्ट हो जाए। सभी पत्रों की प्रतिलिपि जिले के कलेक्टर साकेत मालवीय को भी प्रेषित की गई है, ताकि वे इस पर समुचित कार्रवाई आगे बढ़ाएं।

**जिले के सारे नेताओं,विधायको, और भाजपा जिला अध्यक्ष के साथ नपा अध्यक्ष ने भी पत्र लिखे** ज्ञातव्य हो कि इस मांग के समर्थन में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ,पूर्व विधायक अशोकनगर जजपाल सिंह, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, तथा नगर पालिका अध्यक्ष अशोकनगर, नीरज मनोरिया ने भी अशोकनगर को सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे से जोड़ने के लिए पत्र पहले ही लिखे जा चुके हैं। यह पहला अवसर है जब अशोकनगर जिले के समग्र विकास और हाईवे से कनेक्ट कराने के लिए सभी जनप्रतिनिधि एक राय होकर मांग रख रहे हैं। इसके बाद भी अगर यह नेता काम नहीं करा पाए तो कब करा पाएगें। सभी नेता एक सुर से मांग कर रहे हैं। अशोकनगर जो गेहूं चना दलहन के उत्पादन में देश विदेश तक जाना जाता है, यह जिला पर्यटन स्थलों से भी समृद्ध है, किंतु, औद्योगिक विकास में बहुत पिछड़ा हुआ है, जिसका मुख्य कारण अशोकनगर जिला मुख्यालय का हाईवे से कनेक्ट न होना है, ग्वालियर नागपुर सिक्स लेन हाईवे से अशोकनगर के कनेक्ट हो जाने पर व्यापार, व्यवसाय, औद्योगिक विकास, रोजगार एवं पर्यटन विकास में बहुत उन्नति होगी, जिसका लाभ संपूर्ण जिले के साथ-साथ निकटवर्ती जिलों को भी प्राप्त होगा।

**सर्वे और डीपीआर में अशोकनगर जिला मुख्यालय को कनेक्ट करने की मांग** जिले वासियों की भी यही एक स्वर में मांग है कि अशोकनगर जिला मुख्यालय को सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे से कनेक्ट किए जाने हेतु जो मांग विधायक अशोकनगर,एवं जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई जा रही है उस पर सभी जिम्मेदार लोगों को शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए और अभी सर्वे एवं डीपीआर चरण चल रहा है इसमें अशोकनगर को जोड़ने की लिए समुचित आदेश दिशा, निर्देश जारी किए जाने चाहिए ताकि अशोकनगर जिला मुख्यालय इस सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे से कनेक्ट हो सके और जिले का समग्र विकास संभव हो सके।

### जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली-भाई दूज का पर्व, बाजारों में भी रही चहल-पहल

# स्नेह की डोर से बंधा भाई-बहन का अटूट रिश्ता, लंबी उम्र की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली


होली के रंगों की खुमारी के बीच गुरुवार को भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक होली भाई दूज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके सुख-सौभाग्य और लंबी आयु की कामना की वहीं भाइयों ने उपहार भेंट कर रक्षा का वचन दिया।

### परंपरा का दिखा संगम सुबह से ही घरों में उत्सव का माहौल रहा

होली के हुड़दंग के बाद गुरुवार का दिन पारिवारिक मेल-मिलाप के नाम रहा। बहनों ने शुभ मुहूर्त में भाइयों को तिलक लगाया और नारियल भेंट किया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, यमराज ने इसी दिन अपनी बहन यमुना के घर जाकर भोजन किया था, तभी से यह परंपरा चली आ रही है।

### पकवानों की रही धूम

तिलक की रस्म के बाद भाइयों ने बहनों के हाथ से बने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। गुझिया, मठरी और विशेष मिठाइयों से थाल सजे रहे जिन बहनों के भाई दूर थे उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए तिलक की रस्म पूरी की और डिजिटल माध्यम से एक-दूसरे को शुभकामनाएं भेजीं।



### बाजारों और यातायात में रही हलचल

भाई दूज के अवसर पर बाजारों में मिठाई और उपहारों की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई। वहीं बहनों के अपने पीहर जाने के कारण बसों और ट्रेनों में भी काफी चहल-पहल रही। तिलक के बाद भाइयों द्वारा बहनों को साड़ी, आभूषण और नकदी के रूप में दिए गए उपहारों ने पर्व की खुशी को दोगुना कर दिया।

### भाई-दूज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया

पिपरई। नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भाई-दूज का पावन पर्व गुरुवार को बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।



सुबह से ही घरों में पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। बहनों ने थाली सजाकर विधि-विधान से भाई का तिलक किया, आरती उतारी तथा मिठाई खिलाकर भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक इस पर्व को मनाया। इस दौरान परिवारों में खुशी का माहौल देखने को मिला। बाजारों में भी पर्व को लेकर विशेष चहल-पहल रही। मिठाई, उपहार एवं पूजन सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी गई। भाई-दूज के इस अवसर पर भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का रिश्ता और अधिक मजबूत होता नजर आया।